# 1 पालमपुर गाँव की कहानी

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए- (प्रत्येक के लिए 1 अंक)**

**(i) पालमपुर की मुख्य क्रिया है-**

(अ) कृषि (ब) डेयरी

(स) दुकानदारी (द) उपरोक्त सभी

**(ii) भूमि मापने की इकाई है**

(अ) बीघा (ब) मीटर

(स) किलोमीटर (द) हेक्टेयर

**(iii) पालनपुर के किसान पिछले बीस वर्षों से तीसरी फसल के रूप में कौन सी फसल पैदा करते हैं**

(अ) आलू (ब) गोभी

(स) मटर (द) लौकी

**(iv) करीम ने पालमपुर में कौन सा केंद्र खोला है?**

(अ) डेयरी (ब) कम्प्यूटर केंद्र

(स) किराना दुकान (द) इनमें से कोई नहीं

**(v) पालमपुर में विभिन्न जातियों के कितने परिवार रहते हैं?**

(अ) 100 (ब) 250

(स) 350 (द) 450

**(vi) उत्पादन का दूसरा आवश्यक कारक है-**

(अ) भूमि (ब) पूंजी

(स) श्रम (द) साहस

**(vii) मार्च 2019 से सरकार द्वारा खेतों में काम करने वाले श्रमिकों का एक दिन का न्यूनतम वेतन है-**

(अ) 150 रु. (ब) 250 रु.

(स) 300 रू. (द) 380 रु.

**(viii) एक हेक्टेयर कितने मीटर की भुजा वाले वर्ग के क्षेत्रफल के बराबर होता है-**

(अ) 100 मीटर (स) 300 मीटर

(ब) 200 मीटर (द) 400 मीटर

**(ix) भारत में हरित क्रांति का उदय हुआ -**

(अ) सन 1950 (ब) सन 1960

(स) सन 1970 (द) सन 1980

**(x) सविता ने कृषि कार्य हेतु किससे कर्ज लिया -**

(अ) गोविंद (ब) तेजपाल सिंह

(स) मिश्रीलाल (द) करीम

**उत्तर-** (i) द, (ii) द, (iii) अ, (iv) ब, (v) द, (vi) स, (vii) स, (viii) अ, (ix) ब. (x) ब।

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- (प्रत्येक के लिए 1 अंक)**

(i) पालनपुर में..........प्राथमिक विद्यालय है।

(ii) अनुसूचित जाति के लोगों की संख्या पालनपुर की जनसंख्या ............की है।

(iii) सविता एक.........है।

(iv) उत्पादन का मुख्य प्रथम आवश्यक कारक.........है।

(v) कच्चा माल तथा नगद पैसो को.........कहते है।

(vi) पालमपुर से दूध को निकट के गाँव.......में बेचा जाता है।

(vii) कृषि का भावी विकास सुनिश्चित करने के लिए हमें ..........की देखभाल करनी चाहिए।

(viii) किशोर सप्ताह में एक दिन..........किनारे से मिट्टी लेकर आता है।

(ix) कृषक गोविंद के.........पुत्र थे।

(x) रासायनिक उर्वरक ऐसे खनिज देते हैं जो............में घुल जाते हैं।

**उत्तर-** (i) दो, (ii) एक तिहाई, (iii) लघु कृषक, (iv) कृषि। (v) कार्यशील पूँजी, (vi) और शहरों, (vii) पर्यावरण, (viii) गंगा के, (ix) तीन, (x) पानी।

**प्रश्न 3. सत्य असत्य लिखिए-** **(प्रत्येक के लिए 1 अंक)**

(i) पालमपुर में सिंचाई की कोई व्यवस्था नही है।

(ii) एच.वाई.वी बीजों को अधिक पानी की आवश्यकता होती है।

(iii) एच. वाई. वी. बीज कम अनाज उत्पन्न करते है।

(iv) भूमि मानवकृत संसाधन है।

(v) पंजाब के किसानों द्वारा अधिक रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग किया जाता है।

(vi) गोविंद के पास 2.25 हेक्टेयर असिंचित भूमि थी।

(vii) पालमपुर में एक हाई स्कूल है।

(viii) कृषि मजदूरों को सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी प्राप्त होती है।

(ix) पारंपरिक बीजी के प्रयोग से उपज अधिक होती थी।

(x) खेती के आधुनिक तरीकों के लिए अधिक पूंजी की आवश्यकता होती है।

**उत्तर-** (i) असत्य (ii) सत्य (iii) असत्य (iv) असत्य (v) सत्य (vi) सत्य (vii) सत्य (viii) सत्य (ix) सत्य (x) सत्य ।

**प्रश्न 4. एक शब्द/एक वाक्य में उत्तर दीजिए-** **(प्रत्येक के लिए 1 अंक)**

(i) पालमपुर की एक गैर कृषि क्रिया का नाम लिखिए।

(ii) किशोर कौन है?

(iii) मिश्रीलाल दूसरे किसानों से गन्ना खरीदकर क्या करता है?

(iv) एक वर्ष में किसी भूमि पर एक से अधिक फसल पैदा करने वाली प्रणाली क्या कहलाती है?

(v) स्थायी पूंजी का एक उदाहरण लिखिए।

(vi) पालमपुर के निकटतम बड़े गाँव का नाम क्या है?

(vii) पालमपुर के निकटतम छोटे कस्बे का नाम क्या है?

(viii) पालमपुर में कितने प्रतिशत लोग अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है?

(ix) देश में रासायनिक खाद का सबसे अधिक प्रयोग किस राज्य में होता है?

(x) पालमपुर में सिंचाई का मुख्य साधन क्या है?

(xi) रबी और खरीफ की फसलों के नाम लिखिए।

(xii) सिंचाई के मुख्य साधन क्या है?

(xiii) स्थायी पूजी किसे कहते है?

(xiv) कार्यशील पूंजी किसे कहते है?

(xv) उत्पादन के कारक किसे कहते है?

(xvi) बहुविध फसल प्रणाली क्या है?

(xvii) पालमपुर में खेतिहर श्रमिकों को कम वेतन क्यों मिलता है?

(xviii) किशोर कितनी उत्पादक क्रियाओं में लगा हुआ है?

(xix) पालमपुर में किन किसानों को खेती से बचत होती है?

(xx) परंपरागत कृषि में किसान उर्वरक के रूप में क्या प्रयोग करते थे?

(xxi) पालमपुर में मझोले और बड़े किसानों के कितने परिवार है और वे कितनी भूमि पर खेती करते हैं?

**उत्तर-** (i) परिवहन (ii) एक खेतिहर मजदूर (iii) गुड़ बनाना (iv) बहुविध फसल प्रणाली (v) कम्प्यूटर (vi) रायगंज (vii) शाहपुर (viii) 80% (ix) पंजाब में (x) रहट, नलकूप आदि (xi) रबी की फसल- गेहूँ आदि, खरीफ की फसल- ज्वार, बाजरा आदि (xii) रहट, नलकूप आदि (xiii) औजारों, मशीनों और भवनों का उत्पादन, तक में वर्षो प्रयोग होता है, जिन्हें 'स्थायी पूँजी' कहते है (xiv) कच्चा माल तथा नगद पैसों को कार्यशील पूँजी कहते है (xv) भूमि श्रम और पूँजी को (xvi) एक वर्ष में किसी भूमि पर एक से अधिक फसल पैदा करने को बहुविध फसल प्रणाली कहते है (xvii) क्योंकि पालमपुर में खेतिहर श्रमिक बहुत ज्यादा और इसलिए काम की माँग भी ज्यादा है, इसलिए इन्हें कम वेतन मिलता हैं (xviii) चार (xix) मझोले और बड़े किसानों को (xx) जैविक खाद (xxi) 60 परिवार है और वे 2 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर खेती करते हैं।

**प्रश्न 5. सही जोड़ी बनाइये-** **(प्रत्येक के लिए 1 अंक)**

| **(क)** **खंड-अ** | **खंड-ब** |
|---|---|
| (i) कच्चा माल तथा नगद पैसा | (अ) गेहूँ |
| (ii) रबी | (ब) ज्वार, बाजरा |
| (iii) खरीफ | (स) एच.वाई.वी |
| (iv) औजार मशीन | (द) स्थायी पूँजी |
| (v) अधिक उपज वाले बीज | (ई) कार्यशील पूँजी |

| **(ख)** **खंड-अ** | **खंड-ब** |
|---|---|
| (i) किशोर | (अ) कम्प्यूटर केंद्र |
| (ii) करीम | (ब) दूध बेचना |
| (iii) मिश्रीलाल | (स) लघु कृषक |
| (iv) सविता | (द) असिंचित भूमि |
| (v) गोविंद | (ई) गन्ना मशीन |

| **(ग)** **खंड-अ** | **खंड-ब** |
|---|---|
| (i) गैर कृषि कार्य | (अ) उत्पादन में वृद्धि |
| (ii) प्राकृतिक संसाधन | (ब) डेयरी |
| (iii) हरित क्रांति | (स) रायगंज |
| (iv) बड़ा गाँव | (द) भूमि |
| (v) छोटा कस्बा | (ई) शाहपुर |

**उत्तर- खण्ड-**(क) (i) ई, (ii) अ, (iii) ब, (iv) द (v) स।

(ख) (i) ब, (ii) अ, (iii) ई, (iv) स (v) द।

(ग) (i) ब, (ii) द, (iii) अ, (iv) स (v) ई।